झारखंड सरकार
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
(झारखण्ड राज्य हज समिति राँची)
हज हाउस, कडरु, राँची।

पत्रांक– 193 दिनांक– 29.7.2024

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः– मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कोचिंग योजना 2024 के अंतर्गत JPSC एवं JSSC प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित।

झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कोचिंग योजना 2024 के अंतर्गत झारखंड राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से JPSC (Jharkhand Public Service Commission) एवं JSSC (Jharkhand Staff Selection Commission) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पूर्णतः निःशुल्क ऑफलाइन कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

उद्देश्यः– इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को रोजगार एवं रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु कोचिंग सुविधा प्रदान कर उनके लक्ष्य की आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत अल्पसंख्यक छात्र/छात्रा अत्याधुनिक सुविधाओं सहित कोचिंग की सुविधा प्राप्त कर अन्य प्रतियोगिताओं के समान प्रतियोगिता/प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर योग्य बन सकेंगे।

1. कोचिंग संस्थान एवं स्थान
हज हाउस (5वीं मंजिल), कडरू, रांची, झारखंड।

2. अभ्यर्थियों की पात्रता हेतु अहर्ताएँ।

I. आवेदक को झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस आशय का सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत ऑनलाइन स्थानीयता प्रमाण पत्र अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
II. अल्पसंख्यक समुदाय का होने संबंधी घोषणा पत्र समर्पित करना होगा।
III. आवेदक ने स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो। आवेदक की न्यूनतम आयु 20 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए। न्यूनतम आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष में 1 अगस्त से की जाएगी।
IV. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी भी सेवा (सरकारी गैर सरकारी) में कार्यरत हों, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे। इस आशय का घोषणा पत्र समर्पित करना होगा।
V. चयनित अभ्यर्थियों को योजना का लाभ अधिकतम दो बार दिया जाएगा। इस आशय काघोषणा पत्र समर्पित करना होगा।
VI. ऐसे आवेदक जिनके अभिभावक की वार्षिक अधिकतम आय ₹8.00 लाख रुपये है, प्रवेश हेतु पात्र होंगे। इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ऑनलाइन आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
VII. प्रवेश केवल प्रवेश परीक्षा (Entrance Examination) के आधार पर किया जाएगा।

3. उपलब्ध सुविधाएँ (पूर्णतः निःशुल्क)
चयनित अभ्यर्थियों को निम्नलिखित सुविधाएँ निःशुल्क प्रदान की जाएँगीः–
(I) अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएँ
(II) सोमवार से शुक्रवार ऑफलाइन क्लास
(III) संपूर्ण अध्ययन सामग्री
(IV) साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट
(V) मॉक टेस्ट एवं प्रदर्शन मूल्यांकन
(VI) साक्षात्कार (Interview) की विशेष तैयारी
(VII) व्यक्तित्व विकास (Personality Development) सत्र
(VIII) अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन

4. आवेदन की प्रक्रिया

अभ्यर्थी निम्नलिखित पोर्टलों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:–https://ekalyan.cgg.gov.in/ & https://jharkhandstatehajcommittee.org/

5. महत्वपूर्ण तिथियाँ

कार्यक्रम तिथि:–

ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ:–	29 जुलाई 2026
आवेदन की अंतिम तिथि:–	12 अगस्त 2026
प्रवेश परीक्षा:–	23 अगस्त 2026
परीक्षा परिणाम:–	04 सितम्बर 2026
नामांकन की प्रक्रिया:–	15 सितम्बर 2026
कक्षाओं का प्रारंभ:–	21 सितम्बर 2026

6. परीक्षा संबंधी जानकारी

(I) JPSC परीक्षा अवधि 03 घंटे एवं प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ होगें।

(II) JSSC परीक्षा अवधि 02 घंटे एवं प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ होगें।

(III) परीक्षा केन्द्र हज हाउस, कडरू, रांची।

(IV) परीक्षा हेतु प्रवेशपत्र दिनांक–20.08.2026 तक संबंधित अभ्यर्थियों के मेल आई०डी० / निबंधित डाक से भेजी जायेगी।

7. सहायता एवं संपर्क

किसी भी प्रकार की जानकारी, आवेदन संबंधी सहायता अथवा तकनीकी समस्या के लिए निम्नलिखित हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

मोबाइल:– 8420881296

दूरभाष:– 0651–3511831

महत्वपूर्ण निर्देश:– सभी इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित अंतिम तिथि 12 अगस्त 2026 तक आवेदन करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को ही कोचिंग में नामांकन की अनुमति दी जाएगी।

आदेशानुसार

29.7.2026

(गुलाम समदानी)
संयुक्त सचिव, झारखण्ड राज्य हज समिति
सह–सहायक नोडल पदाधिकारी
मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कोचिंग योजना 2024